NCERT SOLUTIONS

CLASS - 8TH

aglasem.com

Class : 8th

Subject : दूर्वा

Chapter : 1

Chapter Name : गुड़िया

Q1 (क) गुड़िया को कौन,कहाँ से और क्यों लाया हैं?

(ख) कविता में जिस गुड़िया की चर्चा है, वह कैसी हैं?

(ग) कवि ने अपनी गुड़िया के बारे में अनेक बातें बताई हैं। उनमें से कोई दो बातें लिखो।

Answer. (क) गुड़िया को कवि द्वारा लाया गया है। कवि गुड़िया को मेले से लाया था। कवि को वह गुड़िया मेले में बहुत अच्छी लगी इस कारण वह उसे लेकर आया था।

(ख) कविता में जिस गुड़िया की चर्चा हुई हैं वह छोटी सी बहुत प्यारी हैं। वह गुड़िया अपनी आँखें खोल बंद कर सकती है। वह पिया- पिया बोलती रहती हैं। उसने सितारों से जड़ी लाल रंग की चुनरी पहन रखी हैं। गुड़िया की काले रंग की मतवाली आँखें हैं और वह बहुत ही सुहानी हैं।

(ग) i) इस गुड़िया ने कवि के भोले से मन को जीत लिया हैं।

ii) कवि उसे अपनी खिलौनों की अलमारी में रखने को कहता हैं।

Page : 2 , Block Name : कविता से

Q2 (क) "खेल-खिलौनों की दुनिया में तुमको परी बनाऊँगा।" बचपन में तुम भी बहुत से खिलौनों से खेले होगे। अपने किसी खिलौने के बारे में बताओ।

(ख) "मोल-भाव करके लाया हूँ

ठोक-बजाकर देख लिया।"

अगर तुम्हें अपने लिए कोई खिलौना खरीदना हो तो तुम कौन-कौन सी बातें ध्यान में रखोगे?

(ग) "मेले से लाया हूँ इसको

छोटी-सी प्यारी गुड़िया"

यदि तुम मेले में जाओगे तो क्या खरीदकर लाना चाहोगे और क्यों?

Answer. (क) बचपन में हम भी गुड़िया, गाड़ी आदि खिलौने खेलते थे |

(ख) अगर हमें अपने लिए कोई खिलौना खरीदना हो, तो हम अच्छी तरह से पहले उसे देखेंगे फिर उसका मोल-भाव करेंगे |

(ग) मेले में बहुत तरह के खिलौने मिलते है हमें जो अच्छा लगेगा और हमारे पास नहीं होगा हम वही खरीदेंगे।

aglasem.com

Page : 3 , Block Name : तुम्हारी बात

Q3 भारत में अनेक अवसरों पर मेले लगते हैं। कुछ मेले तो पूरी दुनिया में प्रसिद्ध हैं।

(क) तुम अपने प्रदेश के किसी मेले के बारे में बताओ। पता करो कि वह मेला क्यों लगता है? वहाँ कौन-कौन से लोग आते हैं और वे क्या करते हैं? इस काम में तुम पुस्तकालय या बड़ों की सहायता ले सकते हो।

(ख) तुम पुस्तक-मेला, फ़िल्म-मेला और व्यापार-मेला आदि के बारे में जानकारी प्राप्त करो और बताओ कि अगर तुम्हें इनमें से किसी मेले में जाने का अवसर मिले तो तुम किस मेले में जाना चाहोगे और क्यों?

Answer. (क) हर प्रदेश मे ं अलग-अलग तरह के मेले लगते हैं; जैसे– दीपावली, दशहरा, जन्माष्टमी, पुस्तक मेला आदि। इसमें तरह-तरह की दुकाने लगती हैं। बहुत सी अलग-अलग वस्तुएँ यहाँ मिलती है |

(ख) हम पुस्तक मेले में जाना चाहेंगे क्योंकि यहाँ पर अलग-अलग तरह की पुस्तकें होती हैं। यहाँ कहानियों की, कविताओं की और सामान्य ज्ञान की किताबें मिलती हैं | जिन लोगों को मनोरंजन पसंद है वह फिल्म-मेला में जा सकते हैं | जो लोग व्यापार में रूचि रखते है वे व्यापार-मेला में जाना चाहेंगे |

Page : 3 , Block Name : मेला

Q4 कागज़ से तरह-तरह के खिलौने बनाने की कला को 'आरिगैमी' कहा जाता है। तुम भी कागज़ के फूल/वस्तु बनाकर दिखाओ।

Answer. छात्र स्वंय करें।

Page : 3 , Block Name : कागज के फूल

Q5 तुम्हारे घर की बोली में इन शब्दों को क्या कहते हैं?

(क) गुड़िया

(ख) फुलवारी

(ग) नुक्कड़

(घ) चुनरी

Answer. (क) गुड़िया – गुड़िया, गुड्डी

(ख) फुलवारी – फूलों की क्यारियाँ, गमला

(ग) नुक्कड़ – गली का मोड़, चौराहा

(घ) चुनरी – साड़ी, ओढ़नी

Page : 3 , Block Name : घर की बात

aglasem.com

Q6

मैं और हम

मैं मेले से लाया हूँ इसको

हम मेले से लाए हैं इसको

नमूने के आधार पर निम्नलिखित को बदले

(क) मैं आठवीं कक्षा में पढ़ती हूँ।

(ख) मैं जब मेले में जा रहा था तब बारिश होने लगी।

(ग) मैं तुम्हें कुछ नहीं बताऊँगी।

Answer.

(क) हम आठवीं कक्षा में पढ़ते हैं।

(ख) हम जब मेले में जा रहे थे तब बारिश होने लगी।

(ग) हम तुम्हें कुछ नहीं बतायेंगे।

Page : 4 , Block Name : मैं और हम

Q7 दिए गये शब्दों के अंतिम वर्ण से नये शब्द का निर्माण करो-

मेला लाल लगन नया याद

पिया

खोल

शिशुमन

Answer. पिया - यादव वनारस सरस सरला

खोल - लट्टू टूटा टमाटर रस्सी

शिशुमन - नमक कलम मसाला लालसा

Page : 2 , Block Name : शब्दों की दुनिया

aglasem.com

aglasem.com